दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल

वर्ष 04 : अंक : 32 | ग्वालियर, मंगलवार 23 मार्च 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8





## न्यूज ट्रैक

### केजरीवाल सरकार ने शराब पीने की उम्र 25 से 21 साल की, नई दुकानों पर लगेगी रोक



**नई दिल्ली।** दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने सोमवार को नई आबकारी नीति घोषित कर दी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में शराब माफिया पर शिकंजा कसने के लिए बड़ा फैसला लिया है। दिल्ली की एक्साइज पॉलिसी में बदलाव करके उन सब फैक्टर को हटाया जा रहा है जिनकी वजह से शराब माफिया अपना अवैध कारोबार चला पाता है। नई नीति में प्रमुख बदलाव शराब पीने वालों की उम्र को लेकर भी किया गया है। पहले दिल्ली में शराब पीने की उम्र 25 साल थी। इसे घटाकर 21 साल कर दिया गया है। दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने नई आबकारी नीति के बारे में बताते हुए कहा कि सरकारी शराब की दुकानें अब बंद होंगी। निविदा के जरिये निजी लोगों को शराब की दुकानें दी जाएंगी। शराब की दुकान के लिए 500 वर्गमीटर की जगह होना अनिवार्य होगा। सरकार को नई नीति से 2 हज़ार करोड़ सालाना राजस्व बढ़ने की उम्मीद है। दिल्ली में 850 शराब की दुकानें है। अब नई दुकानें नहीं खोली जाएंगी। पुरानी दुकानों का ही डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम ठीक किया जाएगा। सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली में शराब का समान वितरण होगा लेकिन कोई नई दुकान नहीं खुलेगी। दिल्ली में सरकारी शराब की एक भी दुकान नहीं होगी। दिल्ली में शराब की क्वालिटी चेक करने के लिए सरकार क्वालिटी चेक का अपना एक इंटरनेशनल सिस्टम बनाएगी।

### कोविशील्ड वैक्सीन की दूसरी डोज अब डेढ़ से 2 महीने में लगेगी



**नई दिल्ली।** देश में चल रहे कोरोना वैक्सीनेशन अभियान के बीच केंद्र सरकार ने कोविशील्ड वैक्सीन की दूसरी डोज को लेकर अहम फैसला लिया है। सरकार ने कोविशील्ड वैक्सीन की दूसरी डोज पहली डोज से कम से कम 6-8 सप्ताह के बाद लगाने के लिए कहा है। यह फैसला सिर्फ सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा बनाई जा रही कोविशील्ड वैक्सीन पर ही लागू होगा, जबकि को-वैक्सीन की दूसरी डोज पहले जैसे ही तय समय-सीमा के अंतराल पर ही लगाई जाएगी। केंद्र सरकार ने कहा है कि नेशनल टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप ऑन इम्युनाइजेशन और एक्सपर्ट ग्रुप के फैसले के आधार पर यह कदम उठाया गया है। टीकाकरण अभियान के लिए देश में दो वैक्सीन्स को मंजूरी मिली है। एक एसआईआई द्वारा बनाई जा रही कोविशील्ड है, जबकि दूसरी वैक्सीन भारत बायोटेक की कोवैक्सीन है। अभी कोविशील्ड वैक्सीन की पहली और दूसरी डोज के बीच 28 दिनों का अंतराल है, या फिर 4-6 सप्ताह का अंतराल होता है। हाल ही में केंद्र सरकार ने एसआईआई को कोविशील्ड वैक्सीन की 10 करोड़ डोज और तैयार करने को कहा है। इसकी वजह देश में कोरोना टीकाकरण अभियान में तेजी लाना है। अभी तक एसआईआई साढ़े छह करोड़ से ज्यादा डोज सरकार को दे चुकी है। इसके अलावा, छह करोड़ से अधिक टीके की खुराक 76 देशों को भेजी जा चुकी हैं, जबकि देश में लोगों को अब तक साढ़े चार करोड़ खुराक लगाई गई हैं। मालूम हो कि देश में मध्य जनवरी से कोरोना टीकाकरण अभियान चल रहा है। सबसे पहले हेल्थ वर्कर्स को कोविड वैक्सीन लगवाई गई, जिसके बाद फ्रंटलाइन वर्कर्स को लगी। दूसरे फेज की शुरुआत एक मार्च से हुई है। इसके तहत अभी 60 साल से अधिक उम्र वालों को कोरोना का टीका लगाया जा रहा है। वहीं, जिन लोगों की उम्र 45 साल से अधिक है और वे को-मॉर्बिडिटीज से पीड़ित हैं, वे भी कोरोना की वैक्सीन लगवा सकते हैं। बीते कुछ दिनों से भारत में तेजी से कोरोना वायरस के मामले बढ़ रहे हैं। महाराष्ट्र, दिल्ली आदि में कोरोना के पिछले रिकॉर्ड टूट रहे हैं। आज देश में 46,951 नए मामले सामने आए हैं, जोकि पिछले चार महीनों के बाद सामने आई संक्रमित मरीजों की सबसे अधिक संख्या है। नए मामलों की वजह से कोरोना के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 1,16,46,081 हो गई है।

# अमित शाह बोले, राहुल गांधी का असम दौरा पिकनिक से ज्यादा कुछ नहीं, क्योंकि...

**नई दिल्ली।** देश के पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियां जोरशोर से जुटी हैं. इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को असम के उदलगुरी को जनसभा को संबोधित किया है. इस दौरान उन्होंने कहा कि 2016 के चुनाव में हमने कहा था कि हम असम में से आतंकवाद को खत्म कर देंगे, आंदोलन को खत्म कर देंगे, कर्फ्यू की राजनीति को खत्म कर देंगे. आज बोडो समझौता हो गया है. असम में भय, आतंक, हत्या की राजनीति बंद हो गई है और गरीब के विकास की राजनीति शुरू हुई है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हम चाहते हैं कि बोडो क्षेत्र में शांति हो, विकास हो. यहां का युवा हथियार पकड़ने की जगह, हाथ में कंप्यूटर पकड़कर विश्व के युवा के साथ प्रतिस्पर्धा करे. बोडो लैंड का युवा हैंड ग्रेनेड पकड़ने की जगह मशीनों को पकड़कर देश के विकास में योगदान दे. उन्होंने आगे कहा कि राहुल गांधी जी का असम दौरा पिकनिक से ज्यादा कुछ नहीं होता. वो श्रमिकों की बात करते हैं तो मुझे हंसी आती है. 4-4 पीढ़ी तक जिन्होंने शासन किया हो, लेकिन चाय बगानों के श्रमिकों के लिए कुछ न किया हो, तो वो अब क्या करेंगे. गृह मंत्री ने आगे कहा कि उदलगिरी रेलवे स्टेशन को आधुनिक बनाया गया है. 39,000 महिलाओं को मुफ्त गैस सिलेंडर मिले हैं. बोडो समझौते के तहत, हमने एक आयोग का गठन किया है जो समुदाय द्वारा मांग की गई थी. हथियार त्यागने के बाद 2,000 से अधिक विद्रोही मुख्यधारा में लौट आए हैं. हमने बांग्लादेश के साथ भूमि सीमा समझौता भी किया है. हमने कार्बी आंगलोंग के साथ एक समझौते की तैयारी भी की है. अमित शाह ने आगे कहा कि असम अब विकास के रास्ते पर चल पड़ा है, मगर बदरुद्दीन जैसे लोग जो शांति नहीं चाहते हैं, घुसपैठ कराना चाहते हैं, अतिक्रमण करना चाहते हैं, उन्हें रोकने का काम कांग्रेस नहीं कर सकती. घुसपैठ और आतंकवाद को सिर्फ भाजपा रोक कर सकती है.



### विश्व जल दिवसः पीएम मोदी ने जल संरक्षण के लिए कैच द रेन अभियान शुरू किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कैच द रेन अभियान कार्यक्रम की वर्चुअल शुरुआत की. उन्होंने केन-बेतवा लिंक परियोजना पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्रियों को बधाई भी दी. विश्व जल दिवस के अवसर पर इस अभियान की शुरुआत जल संरक्षण के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए की गई. इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा, जितना अधिक हम अपनी नारी शक्ति को प्रोत्साहित करेंगे, जल संसाधनों के संरक्षण में हमारी जन भागीदारी उतनी ही बेहतर होगी. मैं केन-बेतवा लिंक परियोजना कें लिए उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश सरकार को बधाई देता हूं. यह आसपास के क्षेत्रों के परिदृश्य को बदल देगी. प्रधानमंत्री ने कहा, राजस्थान और गुजरात के लोग पानी से संबंधित समस्याओं को अच्छी तरह से समझते हैं क्योंकि पानी की कमी है. मैं भी गुजरात से हूं और ऐसी समस्याओं का सामना भी किया है. यही कारण है कि केंद्रीय जल मंत्रालय में हमारे पास इस तरह के मुद्दों से निपटने के लिए ऐसे ही क्षेत्र से एक मंत्री हैं. उन्होंने यह भी कहा कि जल जीवन मिशन में महिलाओं की अधिक भागीदारी होगी क्योंकि कोई भी उनसे बेहतर पानी के मूल्य को नहीं समझता है. आजादी के बाद यह पहली बार होगा जब किसी सरकार ने जल-परीक्षण के लिए इतनी गंभीरता से काम किया है.

### दिल्ली के एलजी को ज्यादा पावर देने वाले बिल को लोकसभा की मंजूरी

# अरविंद केजरीवाल को बड़ा झटका

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक 2021 को सोमवार को मंजूरी दे दी, जिसमें दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) की भूमिका और अधिकारों को परिभाषित किया गया है। एलजी को दिल्ली का बॉस बनाने वाले इस विधेयक का सत्ताधारी आम आदमी पार्टी विरोध कर रही है। निचले सदन में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा, संविधान के अनुसार दिल्ली विधानसभा से युक्त सीमित अधिकारों वाला एक केंद्रशासित राज्य है। सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने फैसले में कहा है कि यह केंद्रशासित राज्य है। सभी संशोधन कोर्ट के फैसले के मुताबिक हैं। रेड्डी कहा कि कुछ स्पष्टताओं के लिए यह विधेयक लाया गया है जिससे दिल्ली के लोगों को फायदा होगा और पारदर्शिता आएगी। उन्होंने कहा कि इसे राजनीतिक दृष्टिकोण से नहीं लाया गया और तकनीकी कारणों से लाया गया है ताकि भ्रम की स्थिति नहीं रहे। मंत्री के जवाब के बाद लोकसभा ने ध्वनिमत से राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक 2021 को मंजूरी प्रदान कर दी। गृह राज्य मंत्री ने कहा कि दिसंबर, 2013 तक दिल्ली का शासन सुचारू रूप से चलता था और सभी मामलों का हल बातचीत से हो जाता था। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में विषयों को लेकर उच्च न्यायालय, उच्चतम न्यायालय में जाना पड़ा क्योंकि कुछ अधिकारों को लेकर कोई स्पष्टता नहीं थी। गृह राज्य मंत्री ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि मंत्रिपरिषद के फैसले, एजेंडा के बारे में उप राज्यपाल को सूचित करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा, कुछ विषयों पर कुछ स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। इनके अभाव में दिल्ली के लोगों पर असर हो रहा है। दिल्ली का विकास भी प्रभावित होता है। यह जरूरी है कि प्रशासनिक अस्पष्टताओं को समाप्त किया जाए ताकि दिल्ली के लोगों को बेहतर प्रशासन मिल सके। रेड्डी ने कहा, दिल्ली विधानसभा के साथ एक केंद्र शासित प्रदेश है। यह सभी लोगों को समझना चाहिए कि इसकी सीमित शक्तियां हैं। इसकी तुलना किसी अन्य राज्य से नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के जरिए किसी से कोई अधिकार नहीं छीना जा रहा है। पहले से ही स्पष्ट है कि राष्ट्रपति केंद्रशासित प्रदेश के प्रशासक के रूप में दिल्ली के उपराज्यपाल को नियुक्त करते हैं। अगर कोई मतभेद की स्थित हो तब विषय को राष्ट्रपति के पास भेजा जा सकता है। विधेयक के उद्देश्यों और कारणों के अनुसार, इस विधेयक में दिल्ली विधानसभा में पारित विधान के परिप्रेक्ष्य में सरकार का आशय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के उपराज्यपाल से होगा।





### राजस्थान के भरतपुर में नाबालिग के साथ चार बदमाशों ने किया दो दिन तक गैंगरेप

**भरतपुर।** राजस्थान में गहलोत सरकार के आदेशों को अपराधी ताक पर रखकर चल रहे हैं। पिछले कुछ समय से लगातार सूबे में महिला अपराध का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। ताजा मामला भरतपुर से है, जहां एक नाबालिग को चार बदमाशों ने दो दिन तक बंधक बनाकर रखा और सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है। बता दें कि सीएम गहलोत ने पिछले सप्ताह ही ऐसे मामलों पर सख्त होने के निर्देश दिए थे। लेकिन बदमाशों ने इन आदेशों का मखौल बना रखा है और ये आदेश बदमाशों के लिए केवल कागज़ पर लिखी बातें साबित हो रही हैं। जानकारी के अनुसार, घटना भरतपुर के जुरहरा इलाके का है। यहां की एक नाबालिग बच्ची पांच दिन पहले घर से जंगल की तरफ शौच करने गई थी। जहां से चार बदमाशों ने उसे अगवा कर लिया था। इसके बाद उसे लगातार दो दिन तक नशा देकर और बंधक बनाकर हैवानियत को अंजाम देते रहे। इसके बाद बच्ची को जंगल में छोड़कर भाग गए। जब पीड़िता ने आपबीती अपने परिजनों से यह बात बताई, तो उन्होंने बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पीड़िता ने शिकायत में बताया है कि 17 मार्च की रात करीब नौ बजे वह घर के पास स्थित तालाब के पास शौच के लिए गई थी। तभी पहले से घात लगाकर बैठे चार बदमाशों ने उसे अगवा कर लिया और दो दिन तक बंधक बनाकर बारी-बारी से दुष्कर्म करते रहे। इसके बाद उसे बेहोशी की हालत में 19 मार्च को सुबह उसके घर के पास छोड़कर भाग गए।

## अधिकारी परिवार ने की करोड़ों की लूट वाले ममता के बयान पर शुभेंदु का पलटवार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के अधिकारी परिवार पर लगाए गए करोड़ों रुपये की लूट के आरोपों पर शुभेंदु ने पलटवार किया है। शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी को लेकर मुख्यमंत्री को जवाब दिया है। ममता बनर्जी ने रविवार को एक रैली में कहा था कि उन्होंने यह भी सुना है कि अधिकारी परिवार ने पांच हजार करोड़ रुपये का साम्राज्य खड़ा कर लिया है। ममता के आरोपों का जवाब देते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा, उन्होंने मेरा नाम नहीं लिया है। उन्हें पहले अपने तोलाबाज भाईपो (अभिषेक बनर्जी) को देखना चाहिए। अधिकारी पहले ममता बनर्जी के काफी करीबी नेताओं में शामिल रहे हैं, लेकिन पिछले साल के अंत में वे बीजेपी में शामिल हो गए थे। इसके बाद से ही ममता और शुभेंदु एक-दूसरे पर हमला बोलते रहते हैं। आगामी विधानसभा चुनाव के लिए नंदीग्राम विधानसभा क्षेत्र से ममता बनर्जी और शुभेंदु अधिकारी चुनावी मैदान में आमने-सामने हैं। नंदीग्राम शुभेंदु अधिकारी का गढ़ माना जाता है। जिले में काफी राजनीतिक दबदबा रखने वाले अधिकारी परिवार के अधिकांश सदस्य या तो भाजपा में शामिल हो गए हैं या भगवा पार्टी में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की है।



### पाकिस्तान में शुरू हुआ पहला ट्रांसजेंडर इस्लामिक स्कूल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पहले ट्रांसजेंडर इस्लामिक स्कूल की शुरुआत हुई है। एलजीबीटी समुदाय की रानी खान बच्चों को कुरान का पाठ पढ़ाती हैं। उन्होंने यह मदरसा अपनी बचत के पैसे से खोली है।

### कोरोना के ज्यादा केसों पर बोले महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री, गलत आंकड़े दे रहे हैं दूसरे राज्य

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के बीच राज्य के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने बाकी राज्यों के आंकड़ों पर सवाल उठाए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने सोमवार को कहा है कि ऐसी संभावना है कि बाकी राज्य कोरोना वायरस के रोजाना मामलों की सही-सही रिपोर्टिंग नहीं कर रहे हैं। वहीं, महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के पीछे उन्होंने नागरिकों की लापरवाही और हाई टेस्टिंग रेट का हवाला दिया। इंडिया टुडे से बातचीत में टोपे ने कहा कि उनको इस बात की संभावना है कि अन्य राज्य कोरोना वायरस के मरीजों के सटीक आंकड़ों की रिपोर्ट नहीं कर रहे हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा है कि महाराष्ट्र में सही और पारदर्शी तरीके से सभी कदम उठाए जा रहे हैं। राजेश टोपे ने कहा कि हाल ही में गुजरात में क्रिकेट मैच देखने के लिए 75000 से अधिक लोगों की भीड़ आई थी। मैंने खुद टीवी पर देखा। 75,000 से अधिक लोग थे और मैच के दौरान कोई सोशल डिस्टेंसिंग नजर आया। चुनावी राज्यों पर साधा निशाना-टोपे ने कहा कि वहीं 4 चुनावी राज्यों में हो रही सार्वजनिक रैलियों पर नजर डाले तो वहीं भी भारी भीड़ इकट्ठा हो रही है, कोई भी मास्क पहने नजर नहीं आता है।




ग्वालियर से प्रकाशित
दैनिक पुष्पांजली टुडे
राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज चैनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप
को
सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है
ब्यूरो चीफ/रिपोर्टर
मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल
आदि राज्यों के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है
सम्पर्क करें
जी.एस. प्लाजा सूर्य मंदिर रोड गोले का मंदिर, ग्वालियर मध्यप्रदेश
फोन: 0751-4901403
मो. 7879637585, 8770253710
Website-www.pushpanjalitoday.com
Email.- pushpanjalitoday@gmail.com


### बीजेपी ने की उद्धव ठाकरे और अनिल देशमुख के

# नार्को टेस्ट की मांग, सीताजी ने भी दी थी अग्निपरीक्षा

**100 करोड़ रुपए के उगाही के लगे हैं आरोप**

आपको बता दें कि परमबीर सिंह ने शनिवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखा, जिसमें आरोप लगाया गया कि देशमुख ने मुंबई पुलिस के निलंबित अधिकारी सचिन वेज को हर महीने 100 करोड़ रुपये इकट्ठा करने के लिए कहा था।

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गृह मंत्री अनिल देशमुख पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक राम कदम ने सोमवार को राज्य के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और गृह मंत्री की नार्को टेस्ट की मांग की है। उन्होंने कहा है कि अगर दोनों झूठ नहीं बोल रहे हैं तो उन्हें नार्को टेस्ट के लिए जाना चाहिए। न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कदम ने कहा, अगर वे सच बोल रहे हैं, तो उन्हें नार्को टेस्ट के लिए जाना चाहिए, सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। यहां तक कि सीताजी को भी अग्नि परीक्षा से गुजरना पड़ा था। मुख्यमंत्री और गृह मंत्री को क्यों नार्को टेस्ट के लिए जाने में संकोच हो रहा है। बीजेपी विधायक ने पूछा, परमबीर सिंह ने चिट्ठी अपने ट्रांसफर के बाद लिखी थी। इसलिए हमें पता होना चाहिए कि इस पत्र के पीछे उनका मकसद क्या था। उस पर क्या राजनीतिक दबाव था?



**शरद परवार ने क्यों बदले अपने बयानः कदम**-इससे पहले, उन्होंने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार से पूछा था कि क्या उन्हें राज्य के गृह मंत्री द्वारा धमकी दी गई थी जिसके बाद उन्होंने देशमुख के खिलाफ सिंह के आरोपों पर अपना बयान बदल दिया। एक ट्वीट में, भाजपा विधायक ने कहा, कल दोपहर, शरद पवार ने अनिल देशमुख के बारे में कहा कि उन पर लगाए गए आरोप गंभीर हैं। सीएम इस पर फैसला करेंगे। लेकिन कुछ घंटों बाद शरद पवार देशमुख के बचाव में आए। उन्होंने कहा, पूरा देश यह जानने की कोशिश कर रहा है कि दोपहर से रात तक क्या हुआ कि शरद पवार को स्टैंड बदलना पड़ा? क्या इस दौरान अनिल देशमुख ने धमकी दी कि एनसीपी के बड़े चेहरे भी इस उगाही में शामिल हैं? यानी वे लोग जिन्हें उगाही हिस्सा मिला? वह उनके नाम भी सार्वजनिक करेगा? कदमम ने आगे पूछा, क्या यही कारण है कि शरद पवार को रात में कहना पड़ा कि वह देशमुख के खिलाफ कार्रवाई नहीं करेंगे?

**शरद पवार ने किया था देशमुख का बचाव**-देशमुख के इस्तीफे की भाजपा की मांग के बारे में पूछे जाने पर, पवार ने कहा था, यदि आप पूर्व आयुक्त के पत्र को देखते हैं, तो वे उल्लेख करते हैं कि फरवरी के मध्य में उन्हें कुछ अधिकारियों द्वारा सूचित किया गया था कि उन्हें गृह मंत्री से ऐसे और ऐसे निर्देश मिले हैं... हालांकि 16 फरवरी फरवरी को देशमुख को कोरोना वायरस के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## एक नजर...

# कोविड-19 पर प्रभावी नियंत्रण के संबंध में आदेश जारी

**पंकज त्रिपाठी दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 22 मार्च 2021 को वीडियो कॉन्फ्रेस में जिले के क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुफ के सदस्यों को कोविड-19 प्रभावी नियंत्रण के संबंध में दिए गए निर्देश के पालन में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देशन में अपर जिला दण्डाधिकारी प्रवीण फुलपगारे द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, समस्त तहसीलदार, समस्त नगर पालिका/नगर पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को जिले में कोविड-19 को प्रभावी नियंत्रण के संबंध में निर्देश जारी कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। अपर जिला दण्डाधिकारी प्रवीण फुलपगारे ने कहा है कि 23 मार्च 2021 को प्रातः11 बजे एवं सायं 7 बजे अपने क्षेत्रान्तर्गत किसी सार्वजनिक स्थान का चयन कर सायरन बजाया जाए एवं उपस्थित जनसमूह को मास्क का उपयोग एवं सामाजिक दूरी बनाए रखने हेतु स्वयं संकल्प लें एवं आमजन को प्रेरित किया जाए। उक्त व्यवस्था आगामी सात दिवस तक अनवरत रूप से किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उक्त संपूर्ण कार्यक्रम के फोटो एवं वीडियो क्लिप बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड किये जाएं तथा इस हेतु अन्य जनों को भी प्रेरित किया जाए। बाजारों में सामाजिक दूरी बनाए रखने हेतु दुकानों के बाहर अनिवार्य रूप से रस्सी बांधी जाए एवं गोले बनाए जाए। नगरीय क्षेत्र में मुख्य नगर पालिका अधिकारी आगामी सात दिवस में प्राथमिकता से सेनेटाईजेशन कराना सुनिश्चित करें एवं उसके उपरांत भी उक्त कार्य निरंतर जारी रखें। यह कार्य जिले की समस्त नगर पालिका/नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। अपर जिला दण्डाधिकारी ने आदेश में कहा है कि आगामी दिनों में होली को दृष्टिगत रखते हुए तथा मंदिरों में होने वाली भीड को नियंत्रण करने हेतु थाना मुख्यालयों पर धर्मगुरूओं को भी आमंत्रित कर शांति समिति की बैठक आहूत की जाए। यह जिम्मेदारी समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को दी गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिण्ड स्वसहायता समूहों को प्रेरित कर मास्क बनवाकर वितरित कराएंगे। उक्त निर्देशों का कडाई से पालन किया जाए।

# पारिवारिक विवाद के चलते युवक से की मारपीट, मामला दर्ज

**दबोह( अर्पित गुप्ता)**

मामला दबोह थाना क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले ग्राम मुरावली का है जहां पर पारिवारिक विवाद के चलते मारपीट व जान से मारने की धमकी देने को लेकर थाना दबोह में मामला पंजीबद्ध किया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी दयानन्द राठौर पुत्र अर्जुन उम्र 52 वर्ष निवासी मुरावली ने थाना दबोह आकर रिपोर्ट लिखाई की आरोपी रामप्रकाश,संजीव राठौर,प्रेमनारायण कुशवाह निवासी गांगेपुरा थाना आलमपुर व देवी सिंह निवासी मुरावली थाना दबोह ने फरियादी दयानन्द राठौर के साथ पारिवारिक विवाद के चलते उनके साथ मारपीट कर गाली दी व जान जे मारने की धमकी दी।फिलहाल तो फरियादी की रिपोर्ट पर थाना पुलिस दबोह ने आरोपीगणो पर धारा 336,323,294,506,34 भादवि के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# होली त्योहरा को देखते हुये मछंड चौकी प्रभारी ने ली शांति समिति की बैठक हुडदंग मचाने वालों पर होगी सीधी कार्रवाई: यतेंद्र सिंह भदोरिया शराब पीकर न चलायें वाहन, अनहोनी घटनाओं से बचें



**भिण्ड(पुष्पांजली टुडे) न्यूज़ ग्वालियर**

होली के त्योहार को देखते हुये मछंड चौकी प्रभारी ने अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए शांति समिति की बैठक मछंड पुलिस चौकी परिसर में ही कोविड-19 की गाइड लाईन के अनुसार आयोजित की मछंड चौकी प्रभारी यतेंद्र सिंह भदोरिया ने शांति समिति की बैठक में बोलते हुये कहा कि अपने मछंड चौकी क्षेत्र के अंतर्गत होली के त्योहार को देखते हुये शांति व्यवस्था हमेशा बनी रहे एवं बैठक में उपस्थित गणमान्य नागरिकों से उन्होंने कहा कि सोहार्द्रपूर्ण वातावरण से होली का त्योहार मनाऐं तथा शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी हैं, कोविर्ड-19 की गाइडलाईन के अनुसार ही आप सभी लोग होली का त्योहार मनाऐं, यदि कोई सोहार्द्रपूर्ण वातावरण को जबरदस्ती बिगाड़ता है, तो ऐसे लोगों के विरूद्ध मछंड पुलिस सख्ती से पेश आयेगी, होली सूखे रंगों से खेली जाऐ जिससे पानी की बर्बादी न हो। मछंड चौकी प्रभारी की बातों पर सभी वरिष्ठ नागारिकों ने अपनी सहमति जताई। **मछंड पुलिस लगातार करती रहेगी पेट्रोलिंग–** मछंड चौकी प्रभारी यतेंद्र सिंह भदोरिया ने बताया कि होली के त्योहार को देखते हुऐ मछंड पुलिस लगातार अपने क्षेत्र में पेट्रोलिंग करती नजर आयेगी, क्षेत्र की जनता से उन्होंने अपील करते हुये कहा कि कोई भी आदतन अपराधी आपको गलत काम होते दिखता है तो तत्काल हमारे मोबाइल नम्बर पर सूचना दें, आपका नाम गुप्त रखा जायेगा।

# छिंदवाड़ा जिले में पहली बार आयोजित हुई पीएससी की मुख्य परीक्षा

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

छिंदवाड़ा कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन के मार्गदर्शन में रविवार को राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीएससी-2019 की मुख्य परीक्षा के पहले पेपर की परीक्षा जिले में बनाए गए केंद्र राजमाता सिंधिया कन्या महाविद्यालय में प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे के तक कोविड प्रोटोकॉल के तहत संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा जिले में आयोग द्वारा पीएससी की मुख्य परीक्षा का आयोजन पहली बार किया जा रहा है । परीक्षा केंद्र की प्राचार्य श्रीमती कामना वर्मा ने बताया कि प्रथम दिवस 376 परीक्षार्थियों में से कुल 354 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें 19 दिव्यांग और 2 कोविड परीक्षार्थी भी शामिल हैं। जबकि 22 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए ग्रांऊड फ्लोर के कक्ष में व्यवस्था की गई है, जबकि कोविड परीक्षार्थियों के लिए आइसोलेशन कक्ष एवं अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं। कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए केंद्र को कुल 16 कक्षों में परीक्षा का आयोजन किया गया है। यह परीक्षा 26 मार्च तक जारी रहेगी।

**60 वर्ष से अधिक एवं गंभीर बीमारी से ग्रसित व्यक्तियों को नजदीक स्थित जिला अस्पताल, सीएचसी एवं**

# पीएचसी पर 24 एवं 25 मार्च को लगेगी कोविड-19 वैक्सीन

**पंकज त्रिपाठी दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजीत मिश्रा ने जानकारी देते हुये बताया कि कोविड-19 का वैक्सीनेशन 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों एवं ऐसे व्यक्ति जो 45 से 59 वर्ष के जिन्हें हृदय रोग, गुर्दारोग, लीवर रोग, फेफड़ों की गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं उन्हें भी कोविड-19 का टीका निःशुल्क लगाया जायेगा। उन्होंने बताया कि 24 मार्च एवं 25 मार्च 2021 को दिए गये। मतदान केंद्रो पर मतदाता के रूप में दर्ज 60 वर्ष से अधिक एवं गंभीर बीमारी से ग्रसित व्यक्तियों को नजदीक स्थित जिला अस्पताल या सीएचसी पर कोविड-19 वैक्सीन लगाई जाएगी।

भिण्ड जिले में 24 मार्च 2021 को मतदान केन्द्र क्र.जम्होरा नं.1, 2, रमटा, देपुरा नं.1 की सीएचसी अटेर में, जौरी अहीर, गढा, भगवासी नं.2, अहेंती की सीएचसी फूप, मदनपुरा, बरोही नं.2 की पीएचसी ऐतहार में, बिजयगढ, बिरगवां नं.2 की पीएचसी पिथनपुरा में, चितावली, किशूपुरा नं.1 की पीएचसी सुरपुरा में, भिण्ड नं.108,109, 111,148, 149, 150, 151, 152 की जिला अस्पताल भिण्ड में, बिलाव नं.2, पुरा डूमना की पीएचसी उमरी में, अमायन नं.5, 6 की सीएचसी अमायन में, बरहद नं.2, 3, गोना हरदासपुरा नं.1, सिलोली की सीएचसी मेहगांव में, परसाला नं.1, 2, 3 की सीएचसी रौन में, मुरावली, भारौली खुर्द नं.2 की पीएचसी भारौली में, आरोली नं.1, कचनाव कला नं.2 की पीएचसी गोरमी में, नोधा नं.1 की पीएचसी रौन में, लहार नं.10,13,रोहानीजागीर नं.2, करीला, मसेरन नं.1,2 , महुआ की सिविल अस्पताल लहार में, भडेरी, आलमपुर नं.8 की पीएचसी आलमपुर में, बघावली और असवार नं.5 की पीएचसी असवार, फरदुआ नं.2, रायपुरा नं.2 की पीएचसी दबोह में, मूरतपुरा नं.1, 2 की पीएचसी मछण्ड में, चाचीपुरा, बंथरी नं.2 की पीएचसी मिहोना में, टोला नं.2 की पीएचसी रावतपुरा बिजोरा, कीरतपुरा नं.5, छीमका नं.1,2, भगवासा नं.1 की सीएचसी गोहद में, देहगांव नं.1,2, भमरोली, खेरिया चांदन की सीएचसी मौ में, भोनपुरा नं.4, एण्डोरी नं.4 की पीएचसी ऐनो में, अंगसोली, सिलोहा की पीएचसी गुहीसर, नोनेरा नं.2, सर्वा नं.1 की पीएचसी मालनपुर में दर्ज व्यक्तियों को वेक्सीन लगाई जाएगी।

इसीतरह 25 मार्च 2021 को मतदान केन्द्र क्र. बलारपुरा नं.1,2,बडपुरी,दैपुरा नं.2 की सीएचसी अटेर में, गढा, चाचड नं.1,2, भदाकुर नं.1 की सीएचसी फूप में, रैपुरा, ढोगरपुरा की पीएचसी ऐतहार में, बगुलरी, पावई नं.1 की पीएचसी पिथनपुरा में, किशूपुरा नं.1, सुरपुरा नं.1 की पीएचसी सुरपुरा में, भिण्ड नं.110,112,114,153, 154,155,156, 157 की जिला अस्पताल भिण्ड में, अकोडा नं.1 की एचडब्ल्यूसी अकोडा में, बिलाव नं.2 और अतरसूमा की पीएचसी उमरी में, आलोरी, जियाजीपुर, भगवासा नं.2, मियानी की सीएचसी गोहद में, किटेहना, मौ नं.5, 7, 9 की सीएचसी मौ में, बरोना नं.1, एण्डोरी नं.5, पीएचसी ऐनो में, पिपहाडा, उजावल की पीएचसी गुहीसर में, नोनेरा नं.1,2 की पीएचसी मालनपुर में, अमायन नं.7, लेहरा, बरहद नं.1, सिलोली, डगर, खिदरपुरा की सीएचसी मेहगांव, परसाला नं.4, पडोरा नं.1,2 की सीएचसी रौन में, सुरावली, भारोली खुर्द नं.3 की पीएचसी भारौली में, आलोरी नं.1, कचनाव कला नं.3 की पीएचसी गोरमी में, नौधा नं.2 की सीएचसी रौन में, सुन्दरपुरा नं.2, छिदी, रूरी, विजयपुरा, लहार नं.11, केंथा की सिविल अस्पताल लहार में, बिरडा, आलमपुर नं.1 की पीएचसी आलमपुर में, भगावली और जलालपुरा की पीएचसी असवार में, अरूसी नं.1, जाखोली नं.1 की पीएचसी दबोह में, मूरतपुरा नं.2, ढिमोले की मढैया की पीएचसी मछण्ड में, चाचीपुरा और चचाई की पीएचसी मिहोना में, टोला नं.2, रावतपुरा बिजोरा की पीएचसी रावतपुरा बिजोरा में दर्ज व्यक्तियों को वैक्सीन लगाई जाएगी।



# विकलांग बल श्योपुर ने जयस्तम्भ एवं न्यू बस स्टेण्ड पर बांटे निःशुल्क मास्क विकलांगों ने कोरोना से बचाव की दी जानकारी

**श्योपुर** विकलांग बल मध्यप्रदेश जिला इकाई श्योपुर ने कोरोना जागरूकता अभियान चलाया शहर के हृदय जयस्तम्भ पर एवं न्यू बस स्टेण्ड पर आने जाने वाले राहगीरों को मास्क वितरित कर कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया तथा अपनी बारी आने पर बेझिझक कोरोना वेक्सीन टीका लगवाने को कहा विकलांग बल श्योपुर द्वारा यह अभियान जयस्तम्भ न्यू बस स्टेण्ड पर चलाया गया विकलांग बल मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद पाठक ने कहा की कोरोना संक्रमण से सावधानी ही बचाव है मास्क नियमित रूप से पहने और ज्यादा भीड़भाड़ वाली जगह से दूर रहे एक दिन चले इस अभियान में विकलांग बल मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद पाठक, चंबल संभागीय सचिव अफसार अहमद, श्योपुर जिलाध्यक्ष किशन खंडेलवाल, जिला उपाध्यक्ष मुकेश मीणा, विक्की दीक्षित, राजेंद्र बैरवा, श्रीमती अनीता राठौर, सचिव संजय वर्मा, कन्हैया राठौर, सोईं ब्लॉक अध्यक्ष घासीराम प्रजापति, रामहरि रावत, संजीव जाटव, शुभम मीणा, रामराज सुमन, विष्णु प्रजापति, रघुवीर गुर्जर, हरिराम गुर्जर, आदि विकलांग कार्यकर्ता मौजूद रहे!

# युवक ने किशोरी से की छेड़छाड़, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**दबोह( अर्पित गुप्ता)**

युवक ने किशोरी से की छेड़छाड़,मामला दर्ज।दरअसल मामला भिण्ड जिले के दबोह थाने का है जहां पर दबोह निवासी किशोरी ने दबोह थाना जाकर दबोह निवासी युवक के खिलाफ छेड़छानी का आवेदन दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार घटनाक्रम बीते वर्ष 22 दिसम्बर 2020 का है।किशोरी ने आवेदन में बताया कि आरोपी ने उसे जान से मारने की भी धमकी दी है जिसकी बाद वह डर के कारण आज थाने में शिकायत करने पहुंची।फिलहाल तो दबोह थाना पुलिस ने महिला के आवेदन पर कार्यवाही करते हुए आरोपी के खिलाफ 376(2)(एन),506 भादवि के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश में जुट गई है।




# नाबालिक को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

## थाना प्रभारी बडोनी रविन्द्र शर्मा की कार्यवाही

**दतिया( अर्पित गुप्ता)**

श्री मान पुलिस अधीक्षक महोदय अमन सिंह राठौड के निर्देशन तथा श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय कमल मौर्य एवं एसडीओपी महोदय बड़ोंनी उपेंद्र दीक्षित के मार्गदर्शन थाना प्रभारी बडोनी रविन्द्र शर्मा द्वारा अपने मजबूत मुखबिर तंत्र कि मदद से ग्राम राव कला से नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी विशाल उर्फ चन्द्रा पुत्र रामस्वरूप पाल उम्र 20 साल निवासी ग्राम रोनीजा थाना करेरा जिला शिवपुरी को बस स्टैण्ड दतिया से नाबालिक लडकी के साथ पकड़ा गया।दिनांक 06-03-21 को रावकला से एक नाबालिक लड़की के गुमने कि शिकायत पर अपराध क्रम. 35/21 धारा 363 द्वश्चष्ठ का अज्ञात आरोपी के विरुद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।विवेचना के दौरान आरोपी चन्द्रा उर्फ विशाल पाल को चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया। **आरोपियों कि गिरफ्तारी में ईनकी रही मुख्य भूमिका**–इन दौरान सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी बडोनी रविन्द्र शर्मा, सउनि महेश श्रीवास्तव,प्रधान आर सुरेंद्र पचौरी आर पुष्पेंद्र, रविन्द्र ,दिलीप,महेंद्र, शिवराम आदि की मुख्य भूमिका रही।

# कौशल बने गौतम ब्राह्मण समाज नवयुवक मंडल के निर्विरोध अध्यक्ष



**श्योपुर विनोद पाठक पुष्पांजली टुडे न्यूज़ ग्वालियर**

गौतम ब्राह्मण समाज नव युवक मंडल की एक बैठक रविवार को यहां किला रोड स्थित गौतम धर्मशाला में आयोजित हुई। बैठक में नव युवक मंडल के अध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा ने अपने कार्यकाल का लेखाजोखा प्रस्तुत करते हुए नए अध्यक्ष का चुनाव किए जाने का प्रस्ताव रखा।इसके बाद उपस्थित लोगों ने सर्व सम्मति से कौशल शर्मा को नव युवक मंडल का अध्यक्ष चुना और पुष्पहार पहनाकर नव निर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत किया। निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर कौशल शर्मा ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि वे उनके द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाने का प्रयास करेगे,वहीं सामाजिक क्षेत्र में रचनात्मक कार्यो को बढ़ाते हुए समाज के युवाओं के संगठन को और मजबूत बनाएंगे। बैठक में समाज के वरिष्ठजन सहित बडी संख्या में समाज के युवा मौजूद थे।

# गौ संवर्धन पर्यावरण संरक्षण के तहत हुआ ग्राम चौपाल का आयोजन

**लहार( अर्पित गुप्ता)**

अनुभाग के ग्राम बारहट में मां गायत्री गौरक्षा संगठन प्रमुख संतोष चौहान द्वारा गौ समस्या समाधान गौ संवर्धनअभियान के तहत ग्राम बारहट के शिव मंदिर पर ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने एवं ग्रामीणों ने भाग लिया चौपाल कार्यक्रम में बोलते हुए संतोष चौहान ने कहा कि हर हिंदू को अपनी आराध्य गौ माता को बचाने के लिए यथासंभव प्रयास करना चाहिए सृष्टि निर्माता परमपिता परमात्मा ने गौमाता की उत्पत्ति प्राणी मात्र एवं प्रकृति के कल्याण के लिए की है गौमाता सुखी रहेगी सुरक्षित रहेगी तो देश समाज



सुरक्षित रहेगा प्राणघातक भयानक बीमारियों के प्रकोप खत्म हो जाएंगे। पर्यावरण संरक्षण के विषय पर बोलते हुए वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश चंद दुबे जी ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए जाएं जिससे प्रकृति का संतुलन सही रहे और हर प्राणी को शुद्ध वायु मिल सके समाज के हर व्यक्ति को अपने जीवन में एक पेड़ लगाकर उसको देखभाल करके तैयार करके पुण्य लाभ प्राप्त करना चाहिए।चौपाल में उपस्थित युवाओं एवं ग्रामीणों ने गौ रक्षा व पर्यावरण संरक्षण में यथासंभव योगदान देते हुए शराब आदि नशीले व्यसन छोड़ने सात्विक खानपान अपनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में मां गायत्री गौ रक्षा संगठन के राजबल सिंह राजावत शिबू भदोरिया पवन शर्मा आकाश राजावत कन्हैया राजावत आदि लोग उपस्थित रहे।

# विलुप्त होती नदी को बचाने युवाओं ने नदी के जल से लिया संकल्प विश्व जल दिवस पर युवाओं ने दिखाई जागरूकता

**आलमपुर( अर्पित गुप्ता) पुष्पांजली टुडे**

विश्व जल दिवस के मौके पर कस्बे के युवा स्वर्णभद्रिका नदी के अस्तित्व को बचाने आगे आये। उन्होने नदी में उतरकर उसके अस्तित्व को बचाने का संकल्प लिया। युवाओं ने पूर्ण विधिविधान से नदी का पूजन किया। उन्होने जल्द से जल्द नदी की गंदगी को दूर कर नदी को निर्मल बनाने का प्रशासन को अल्टीमेटम दिया। युवाओ ने बताया कि आगे चरणबद्ध तरीके से नदी के अस्तित्व व शुद्धीकरण हेतु अभियान चलाया जायेगा। और पूर्व में अविरल धार से बहती नदी को पुराने स्वरूप में लाने के लिये जी जान से प्रयास किये जायेगे। इस मौके पर आनंद तिवारी,अजीज पठान, रोबिन अग्रबाल , मयंक त्रिपाठी,रामकुमार शास्त्री, कल्याण कानूनगो, सुमित त्रिपाठी,भानुप्रताप चंदेल,विष्णु कौरव,राघबेंद्र झा,श्याम महाजन, अभिषेक पुरोहित, राजू राठौर, प्रवीण झा, आदि उपस्थित रहे।

प्रशासनिक उदासीनता से नाले में तब्दील हुई नदी कस्बे से निकलने वाले समस्त नालों को नदी में मिलाया गया है। इसके परिणामस्वरूप पूर्व में कस्बे की जीवनदायिनी स्वर्णभद्रिका नदी की धार अब टूटने के कगार पर है। नदी में जगह



जगह गंदगी का अंबार दिखता है। जो उसके अस्तित्व को खत्म करता दिखाई पड़ता है। यदि प्रशासन द्वारा जल्द शुद्धीकरण की योजना बनाकर कार्य किया जाये तो निश्चित तौर पर नदी की सफाई संभव है। युवाओं ने प्रशासन को साफ शब्दो में चेतावनी दी है कि यदि समय रहते प्रशासन नदी को लेकर गंभीर नही होता है तो आगे हम लोग प्रशासन के खिलाफ भी एकजुट होकर अपने हक की लड़ाई लड़ेगे।

# जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता: आराधना

## जल रहेगा तो जीवन रहेगा : पाराशर

**श्योपुर।** जल भारत मिशन घर घर जल पहुंचाने की भारत-सरकार की बहुउद्देशीय योजना है जिसके द्वारा गांव गांव में नलों द्वारा जल सप्लाई की जायेगी आप लोग इस बात की जानकारी रखें कि इस योजना का आपके ग्राम में सही क्रियान्वयन हो रहा है या नहीं उक्त उद्गार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की जिला सलाहकार श्रीमति आराधना पाराशर ने व्यक्त किए। श्री मति पाराशर ने आगे कहा कि जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है आज जिस तरह पानी का दोहन हो रहा है उसे देखते हुए



कहा जा सकता है कि भविष्य में स्वच्छ जल एक बड़ी समस्या बनने वाला है इस संकट से बचने के लिए हमें जल संरक्षण के लिए जागरूक होना होगा। अपने अध्यक्षीय भाषण में समाजसेवी कैलाश पाराशर ने कहा कि हमने जलस्त्रोतों को बर्बाद करना शुरू कर दिया है नदियां,कुएं ,बाबडियां प्रदूषित होकर कचराघर बन रही हैं? जल को लेकर न केवल देश बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झगडे शुरू हो गये हैं यह भी खतरा है कि अगला विश्व युद्ध जल को लेकर हो ऐसे में यदि मानव सभ्यता को बचाना है तो पानी को बचाना पड़ेगा। गांधी आश्रम के प्रबंधक जयसिंह जादौन ने कार्यक्रम का परिचय देते हुए कहा कि महात्मा गांधी सेवा आश्रम प्रारंभ से ही जल संरक्षण हेतु कार्यरत है तथा कई गांवों में तालाब,स्टापडेम आदि का निर्माण समुदाय के सहयोग से करवाया गया है कई कुओं व हेण्डपंपो को रिचार्ज कराया गया है कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन गौरव आचार्य ने व्यक्त किया।

# डंपर और बाइक की टक्कर में भाई बहन की मौत, बच्ची घायल



**मोहन मांझी पुष्पांजली टुडे न्यूज़ ग्वालियर**

**गोहद**–थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डिरमन पाली के पास एक डंपर क्रमांक यूपी 75 एटी2540 ने एक बाइक में टक्कर मार दी जिसमें रोहित जाटव और उसकी बहन प्रियंका जाटव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई फरियादी हरगोविंद उर्फ हरेंद्र पुत्र महेंद्र सिंह जाटव उम्र 29 वर्ष निवासी श्री नगर कॉलोनी थाटीपुर ग्वालियर ने बताया कि 22 मार्च 2021 के सुबह जीजा सतीश जाटव और दीपेश एक मोटरसाइकिल से व दूसरी मोटरसाइकिल से मेरा भाई रोहित बहन प्रियंका और भांजी दिशा ग्राम हडियापुरा से ग्वालियर जा रहे थे। जैसे डिरमन तिराहे पर पहुंचे तो पीछे से डंपर क्रमांक यूपी 75 एटी2540 के ने डंपर को तेजी व लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी जिससे भाई बहन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई एवं भांजी दिसा गंभीर रूप से घायल होगई जिसे ग्वालियर रेफर कर दिया है फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 279 337 304 ए के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



# विशाल-बेमिशाल.. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय श्री रामचंद्र जी कस्बे की पुण्य स्मृति में मोतियाबिंद शिविर 198 का पंजीयन , 60 मोतियाबिंद चिन्हित

**रितेश कटरे ब्युरो चिफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

बालाघाट जिले में महावीर इंटरनेशनल लांजी के चेयरमैन विशाल राउत खोंगल अपनी टीम के साथ क्षेत्र से अंधत्व को जड़ से उखाड़ फेंकने के संकल्प के साथ मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया जा रहा है। महावीर इंटरनेशनल लांजी के द्वारा 22 मार्च को मोतियाबिंद शिविर ग्राम आशा के सामुदायिक भवन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय श्री रामचंद्र जी का कस्बे की पुण्य स्मृति में आयोजन किया गया। उक्त शिविर प्रातः10.30 प्रारंभ हुआ जो संध्या 5 बजे तक सम्पन्न हुआ। शिविर के संबंध में महावीर इंटरनेशनल लांजी के चेयरमैन विशाल राउत खोंगल एवं सामाजिक सहयोग के लिए अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले म्रदुभाषी सामाजिक कार्यकर्ता भरत कालबेले ने बताया कि मनुष्य के शरीर में आंखें सबसे महत्वपूर्ण इंद्रिय हैं, जिनके बिना जीवन की कल्पना भी अधूरी है। बढ़ती उम्र के साथ आंखों में मोतियाबिंद होना आम बात है, लेकिन धन के अभाव में ऑपरेशन न करा पाने से लोग अंधत्वता का दंश झेल रहे है।

महावीर इंटरनेशनल लांजी द्वारा अभियान के तहत निशुल्क आपरेशन कराने के लिए हाथ बढ़ाए है। अंधत्व की बीमारी से पीड़ित असहाय गरिबों एवं जरूरतमंद लोगों का निःशुल्क उपचार करा रहीं है, ताकि वे अपने जीवन को सरलता एवं सहजता से आम इंसान की तरह खुली आंखों से जी सके। शिविर में 60 मोतियाबिंद के चयनित किया गया साथ ही 198 लोगों का पंजीयन किया गया उक्त शिविर में ग्राम आवा ,चुरली, कुम्हारीकला,मोहझरी ,बोलेगाव, बिंझलगांव ,सिरेगाव,



खरेगाव,पोंडी, कुम्हारीखुर्द,सिहारी,दीघोरी, बेनेगाव, उमरी ,सवरिकला, भिमोडी, टेडवा गांवों के लोग उपस्थित हुए और शिविर का लाभ लिया। आयोजन कार्यक्रम ग्राम पंचायत आवा के विशेष सहयोग रहा समाजसेवी श्रीमति उषा ललित कुमार कबीरे,जी सरपंच का पूर्ण सहयोग रहा । साथ ही कार्यक्रम में सहयोगी रहे श्री छत्रपाल कस्बे जी, ललित कबीर जी पूर्व जनपद सदस्य, भरत कालबेले समाजसेवी , चंद्रशेखर बोरकर सचिव ,राजेंद्र कालबेले, अशोक कबीरे चुरली, सुभाष कबीरे, अजय अवसरे, अनिल कबीरे, राधेलाल करायत, दीपक धनवले एवं स्थानीय ग्राम वासी ने सहयोग किया उक्त शिविर में जबलपुर के डॉक्टर की टीम डॉ आतिफ खान ,डॉ मोनू यादव साथ ही चन्द्रदिप बंटी रामटेके, अरशद खान , इंद्रकुमार भूते, स्थानी टीम के द्वारा भी नेत्र विशेषज्ञ की जांच आंखों की जांच की गई शिविर में स्थानीय लोग क्षेत्र के आसपास के लोग इस शिविर का लाभ लिए और आपसे निवेदन है कि ऐसे मोतियाबिंद है जिन्हें को दिखाई नहीं देता है आप इसकी जानकारी महावीर इंटरनेशनल को दें ताकि महावीर इंटरनेशनल आप तक पहुंच कर इस अंधत्व की बीमारी को जड़ से मिटाने के प्रयास को सफल हो सके।उक्त शिविरों में विशाल राउत खोंगल चेयरमैन महावीर इंटरनेशनल लांजी , प्रवीण उमरे, भरत कालबेले, भूपेश कटरे रामकुमार खरगाल, फनींद्र दुरुगकर, सिद्दीक अंसारी, अंचल कालबेले, उमाकांत उपराडे ,दुर्गेश तिड़के, विजय कुथे, जग्गनाथ दादू नाकतोड़े ,प्रदीप अग्रवाल, तोमेश्वर बापुरे,भानु डोनाडकर ,इंद्रकुमार कावड़े, दिनेश बेदरे,संतोष तिड़के, भूपेश कार्राहे, रूपेश बिहोने,डॉ संतोष रतोणे,, चंद्रदीप रामटेके बंटी जी अरशद खान, रोहन अस्तने,नंदकिशोर बिलावर,पवन उमरे,दिनेश लांडे, मुकेश कोल्हे,डॉ शैलेन्द्र रतोणे,इंद्रकुमार भूते, राधेश्याम नखाते,कुणाल नाकतोड़े आदि ने की है।



## मऊरानीपुर झांसी ग्राम धायपुरा में एक मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने जेवरात सहित 30000 नगद किए चोरी, घटना की सूचना 112 पुलिस को दी

**पुष्पांजली टुडे न्यूज़ ग्वालियर**

जानकारी के अनुसार मऊरानीपुर तहसील व लहचूरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम धायपुरा निवासी तुलसीदास अहिरवार पुत्र वसंते के घर में आज रात्रि को अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को उस समय अंजाम दिया। जब सभी लोग दूसरे घर में सो रहे थे। मकान में चोरी होने की जानकारी सुबह हुई। जब परिवार के लोगों को घर के बाहर रास्ते में बक्सा पड़ा मिला। जिसे देखकर मालूम चला की यह तो हमारे ही घर का बक्सा है। जिसमें से सारे सोने चांदी के जेवरात व 30 हजार रुपये नकद थे जो अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। घटना की सूचना 112 नंबर पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया।

# पूर्व में षड्यंत्र के तहत लगाई गई रा,सु,का, के खिलाफ हाईकोर्ट में पिटीशन दायर सुनवाई कर नोटिस जारी

**विनोद पाठक पुष्पांजली टुडे न्यूज़**

शोशल मीडिया पर पोष्ट डालने पर 2 अगस्त वर्ष 2019 में समाजसेवी देवेन्द्र शर्मा पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्यवाही कर 115 दिन सेंट्रल जेल ग्वालियर में नजर बंद किया गया जिसपर अब हाईकोर्ट की सामान्य प्रक्रिया शुरू होने पर देवेन्द्र शर्मा ने पिटीशन दायर की है दायर पिटीशन में कहा गया की फरियादी कोई आदतन अपराधी नही था और नाही ऐसे कोई पुलिस रिकॉर्ड थे बावजूद इसके मात्र शोषण मीडिया पर एक पोष्ट शेयर करने पर षड्यंत्र पूर्वक तत्कालीन थानाप्रभारी, पुलिसअधीक्षक, कलेक्टर ने मिलकर रा,सु,का,की कार्यवाही कर फरयादी का चरित्र खराब किया गया साथ ही सलाहकार बोर्ड के समक्ष अपना पक्ष रखने का मौका भी नही दिया गया। इसी के साथ रा,सु,का,की अवधि 90 दिन होने के बाद भी बिना कोई आदेश के 25 दिवस सेंट्रल जेल में अधिक रखा गया जिसपर तीन जजों की बेंच ने सोमवार को एकसाथ सुनवाई कर थानाप्रभारी श्योपुर,पुलिश अधीक्षक श्योपुर,कलेक्टर श्योपुर, जेल अधीक्षक सेंट्रल जेल ग्वालियर,ओर शासन को नोटिस जारी करदिये है।

## मऊरानीपुर झांसी ग्राम गुढ़ा में आगामी पंचायत चुनावों एवं त्योहारों को लेकर कटेरा थाना प्रभारी ने चौपाल का किया आयोजन, दिए जरूरी दिशा निर्देश

जानकारी के अनुसार मऊरानीपुर तहसील व थाना कटेरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गुढ़ा में आगामी पंचायत चुनावों एवं त्योहारों को मद्देनजर रखते हुए ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें थाना कटेरा प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र विक्रम सिंह द्वारा लोगों की समस्याएं सुनी गई। साथ ही आवश्यक कार्यवाही की गई। तथा लोगों को चुनावों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। थाना प्रभारी निरीक्षक ने चौपाल के दौरान कहा कि ग्रामीण बिना किसी डर और लालच के आगामी चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस मौके पर उपनिरीक्षक राजेश कुमार नागर, कांस्टेबल वीरेंद्र बघेल, अंकित मिश्रा, संजीव कुमार व गणमान्य व्यक्ति व पूर्व प्रधान, बीडीसी सदस्य, बीएलओ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# हरदेव लोधी समाज में हुआ पुरुष-महिला ग्राम समिति का गठन

**रितेश कटरे ब्युरो चिफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

बालाघाट जिले में हरदेव लोधी समाज को एकता के बंधन में बांधने के उद्देश्य से हरदेव लोधी समाज का ग्राम वार ग्राम समिति का गठन किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष में ग्राम दुलापुर में दिनांक 21 मार्च दिन रविवार को प्रातः 11ः00 बजे से बैठक आहूत की गई थी जिसमें पुरुष वर्ग व महिला वर्ग से पदाधिकारियों का चयन उपस्थित सर्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति में पुर्ण सहमति से किया गया। इसी कड़ी में पुरुष वर्ग से अध्यक्ष श्री ताराचंद कुचलाहे, गुनाराम बरगैया उपाध्यक्ष सुखदेव बरगैया,जितेंद्र बरगैया,दुलीराम बरगैया, चैतन्य बंबुरे ,मुकेश बरगैया सचिव महेंद्र कर्राहे , देवचंद कुचलाहे कोषाध्यक्ष अजय कलपूरे , कामराज बंबुरे संरक्षक हरिशचंद्र कलपुरे, मदनलाल बरगैया, बलराम बरगैया, लालचंद कुचलाहे, ताराचंद बरगैया राजेश्वर बरगैया, लक्ष्मीचंदकचलाहे, देवराम बंबुरे , भुन्नु बरगैया,पीतम बरगैया, कामराज बंबुरे,भागवत बरगैया, राजकुमार बरगैया डुडेश्वर बरगैया, हरिश्चन्द्र कुचलाहे तथा बहुत से लोग सदस्य के रूप मे समाज को संगठित करने हेतु पद पर रहकर काम करने की सहमति जताई । इसी कड़ी मे महिलाओ का भी गठन हुआ जिसमे अध्यक्ष सुलोचना बरगैया, ठमिया बाई बरगैया उपाध्यक्ष कुंती बाई बरगैया , मेघबत्ती बाई बरगैया, अंजनी बाई, बंबूरे मंजू बरगैया सचिव लक्ष्मीबाई बरगैया,सोनम कचलाहे, कोषाध्यक्ष रीता कचलाहे संरक्षक मुन्नीबाई बरगैया, रामकली बरगैया तथा अन्य सदस्य के रूप मे संगठन मे शामिल हुए।

28 मार्च को ग्राम भिमोडी में होगा ग्राम समिति का गठन संगठन का विस्तार करने हेतु समिती द्वारा आगामी बैठक ग्राम भिमोडी मे 28मार्च 2021 सुबह 10बजे आयोजित कि गई है तथा स्वजातीय बंधुओं से उक्त बैठक मे पहुंचने की अपील हरदेव लोधी समाज समिती द्वारा की गई है।



नव निर्वाचित पदाधिकारियों को हरदेव लोधी समाज द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतू राजाराम कुशले,राजकुमार कुचलाहे, डॉ वीरेंद्र कुचलाहे, रवि गरुड़े ,कुशलेश कलपुरिया बलवंत कर्राहे , ऋषभ कुचलाहे राजकुमार पनोरे,फूलचंद कुचलाहे, कृष्ण कुमार कर्राहे टिकेश्वर कर्राहे, विजय कुमार कुचलाहे आदि का प्रमुख रूप से योगदान रहा।

# लखनपुरा में आजाद समाज पार्टी की मीटिंग का आयोजन

**ब्रेकिंग न्यूज़ आगरा**
**पुष्पाजंलि टुडे न्यूज़, आगरा से**
**जिला रिपोर्टर राहुल कुमार की रिपोर्ट**

विधानसभा खेरागढ़ के गाँव लखनपुरा मे आजाद समाज पर्टी की मीटिंग दिनांक 21/3/21दिन रबिवार को आयोजित की गई गाँव लखनपुरा मे आजाद समाज पार्टी की मीटिंग का आयोजन किया गया जिस ने आगरा से



आये मुख्य अथिति जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ गौतम जी एव महिला मोर्चा से जिला अध्यक्षा बहन सविता सिंह जी के द्वारा गांव की जनता को शिक्षा के प्रति जागरूक किया एव डॉ भीम राव अम्बेडकर जी के मिशन को आजाद समाज पार्टी के द्वारा जन जन तक पहुचने का काम किया और सभी को एक जुट होकर रहने की अपील की इस मौके पर उपस्थित रहे आगरा से आये संचालक कर्ता आसिफ अब्बास जिला उपाध्यक्ष हीरो आकाश राना, अनिल कर्दम,आकाश कुमार राजा भाई अन्नपूर्णा ग्रामोद्योग संथान के तहसील प्रबन्धक दीपेंद्र सिंह खेरागढ़ विधानसभा अध्यक्ष हेम सिंह,महावीर ,शिशुपाल,सन्दीप जितेन्द्र,सहीद उस्मानी भीम आर्मी विधानसभा अध्यक्ष रजत आजाद भीम आर्मी विधानसभा कोषाध्यक्ष राहुल कुमार जाटव सरेन्धी वाले और सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## पार्टी के कार्यालय का हुआ उदघाटन

**जिला रिपोर्टर राहुल कुमार की रिपोट**

खेरागढ़ में आजाद समाज पार्टी के कार्यालय का हुआ उदघाटन कस्वा खेरागढ़ के गाँव नागल उदैया में पीतम सिंह सरेन्धी वालो के मकान पर आजाद समाज पार्टी के कार्यालय का हुआ उदघाटन दिनांक 21/3/21दिन रविवार को माननीया मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की जिला अध्यक्षा बहन सविता सिंह जी एवं जिला अध्यक्ष सिद्धर्थ गौतम व उनकी जिला कमेटी द्वारा किया गया। इस मौके पर मौजूद रहे राहुल कुमार जाटव अन्नपूर्णा संथान के तहसील प्रबंधन दीपेंद्र सिंह आसिफ अब्बास, सहीद उस्मानी, हेम सिंह, रजत ,आदि कर्तकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा की जिला कार्यकारिणी की बैठक में लिये गये विभिन्न निर्णय

**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी के हाईवे स्थित जिला कार्यालय पर आज भारतीय जनता पार्टी की एक बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा हुई ।बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में भारतीय जनता पार्टी के ललितपुर जिले के प्रभारी नागेन्द्र गुप्ता उपस्थित रहे ।बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी एड ने की एवं संचालन जिला महामंत्री बब्बूराजा बुन्देला ने किया।इस अवसर पर जिला प्रभारी नागेन्द्र गुप्ता ने कहा कि तेईस मार्च को जिले भर में विभिन्न स्थानों में राज्य सरकार के चार साल पूरे होने पर सम्मेलन आयोजित किये जायेंगे जिसमें अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करने की अपेक्षा की गयी है जिसमें सरकार की चार साल की उपलब्धता पर चर्चा की जाएगी ।चौबीस मार्च को श्रमिक वर्ग के उत्थान की चिंता करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।चौदह अप्रेल को डा अम्बेडकर जी की जयंती को समरसता दिवस के रुप में मनाई जाएगी। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी एड, ललितपुर के जिला प्रभारी नागेन्द्र गुप्ता, जिला महामंत्री बब्बूराजा बुन्देला, बंशीधर श्रीवास, बलराम सिंह लोधी, जिला उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत,राजकुमार चूना, आशीष रावत, धर्मेंद्र पाठक, हरी सिंह बुंदेला,श्रीमती बसन्ती लारिया, जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर सड़ैया, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र, युवा मोर्चा अध्यक्ष गौरव गौतम, जिला मंत्री रतीराम पटैल,भू प्रताप सिंह बुंदेला,आर के विश्वकर्मा, रजनी अहिरवार, श्रीमती लक्ष्मी रावत, किरन सैन,रमेश कुशवाहा नझाई, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष हरिओम निरंजन, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष हाजी इकबाल वेग, सहजिला मीडिया प्रभारी धुवसिंह सिसौदिया, संदीप सिंह बुंदेला, रुपेश साहू, आदि उपस्थित रहे।






# ढोढर में आयोजित रक्तदान शिविर मे 24 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**पुष्पांजली टुडे न्यूज़ ग्वालियर**

स्वः श्री देवीशंकर मित्तल कि चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर ढोढर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित रक्तदान शिविर मे 24रक्तदाताओं ने रक्तदान किया जिन्हे प्रशस्तिपत्र और फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया शिविर मे मुख्य रूप से स्वःमुकेश गुप्ता स्मृति सेवा न्यास के अध्यक्ष महावीर गुप्ता, पुष्पा श्री फाउंडेशन के अध्यक्ष अरुण ओसवाल, लाइफ केयर सोसायटी के अध्यक्ष खेमचंद जैन, ढोढर बीएमओ प्रभात शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मानपुर सुमेर सिंह जादौन, राष्ट्र भक्त युवा संगठन जिलाध्यक्ष संजय मंगल, दिनेश साहू , राजेन्द्र मित्तल,लक्ष्मण सिंह राजावत, ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर मुकेश मीणा, डॉक्टर लक्ष्मण गुर्जर आदि मौजूद थे। इस अवसर सभी रक्तदानीयों को पुष्पहार पहनाकर प्रशस्तिपत्र प्रदान किए गए।

# मऊरानीपुर झांसी समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने ग्राम धायपुरा में लगाई पंचायत, किसानों ने बताई अपनी पीड़ा

पुष्पांजली टुडे न्यूज़ ग्वालियर

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नारायण सिंह परिहार के नेतृत्व में मऊरानीपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम धायपुरा में आयोजित हुई किसान पंचायत में गूंजा किसानों की पीड़ाओं का बेतहाशा दर्द। गांव के किसानों ने बताया कि गांव में पात्र लोग प्रधानमंत्री आवास शौचालय, बृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन आदि जैसी शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के लाभ से आज भी वंचित है। कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को आवास का आवेदन करने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही और बड़ी दिक्कत व पीड़ाओं को झेलते हुए पॉलिथीन के बने आवास में रहने को मजबूर है। गांव में नालियों की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है यहां पर सफाई कर्मी सफाई करने नहीं आ रहे हैं। जिससे गांव की नालियों में गंदे पानी का जमाव हो चुका है। और बदबू और बेतहाशा मच्छरों की बढ़ोतरी से गांव के ग्रामीण जीवन यापन करने को मजबूर है। एक तरफ कोरोना नामक बीमारी फैल रही है और दूसरी तरफ यहां पर सफाई न होने के कारण गंदगी का अम्बार होने से गांव के ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। और गांव के संपर्क



मार्ग में कुण्डार नदी पर बना पुल पिछले कई वर्षों से क्षतिग्रस्त होने के कारण बरसात के मौसम में बच्चे स्कूल नहीं जा पाते व ग्रामीण प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा नहीं कर पाते और न किसान अपने खेतों में बरसात के मौसम में पहुंच पाते हैं साथ में पंचायत भवन और सामुदायिक शौचालय में भी बरसात के मौसम में न पहुंच पाने के कारण काफी काफी मशक्कतों का सामना करना पड़ता है। लेकिन इतना होने के बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी इन समस्याओं के प्रति मौन साधे हुए हैं। पंचायत को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिव नारायण सिंह परिहार ने कहा कि शासकीय योजनाओं का लाभ इस गांव के किसानों को ना मिलना सरकार की सबसे बड़ी नाकामी है आज यहां का किसान 2 साल पहले मूंगफली की उपज को सरकारी क्रय केंद्र मऊरानीपुर में बेचने के बाद भी आज भी वह अपनी फसल का दाम प्राप्त करने के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मौन है। अगर जल्द समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो किसान कांग्रेस आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस मौके पर किसान सेवक शेखर राज बड़ौनियां, किशोरी लाल यादव, प्यारे लाल बेधड़क, बैजनाथ पांचाल, रामाधार निषाद आदि सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## एक नजर...



## दक्षिण भारत के व्यापारियों की मांग पर केंद्र सरकार कोई सकारात्मक कदम नही उठाया तो देश के सम्पूर्ण व्यापारी समुदाय दिल्ली में आंदोलन करेगा

पुष्पांजली टुडे न्यूज़ ग्वालियर

**नई दिल्ली**-नई दिल्ली स्तिथ कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में रविवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की अति महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्याम बिहारी मिश्रा ने की।बैठक में देश के हर राज्य से आए प्रतिनिधियों ने व्यापार संबंधित विषयों पर गहनता से मंथन किया।वर्तमान समय में देश के व्यापार जगत की दुर्दशा पर सभी ने एक स्वर में चिंता जाहिर की।सभी प्रतिनिधियों को इस बात का दुख है कि केंद्र सरकार देश के व्यापारियों की दुर्दशा पर आँख मूंद कर के बैठी है और ज्यादातर उद्योग और व्यापार बंद होने की कगार पर है। बैठक में कृषि कानूनों, ई-कॉमर्स, जी एस टी,खुदरा नीति, खाद्य सुरक्षा मानकों के कानूनों के अलावा देश के लाखों सर्राफा व्यापारियों का पुलिस के हाथों उत्पीड़न का मामला जोर शोर से उठा।भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं तमिलनाडु पौन ब्रोकेर्स एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानंद जी महाराज ने दक्षिण भारत में सर्राफा कारोबारियों के उत्पीड़न का मामला सभी उपस्थित प्रतिनिधियों के संज्ञान में लाकर इसके स्थाई हल पर जोर दिया है।भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की और से केंद्र सरकार को दिए जाने वाले ज्ञापन में सर्राफा कारोबारियों के पुलिस उत्पीड़न का मुद्दा भी प्रमुखता से शामिल किया जाएगा। राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों ने केंद्र सरकार को आगाह किया कि देश के व्यापारियों की मांग पर अगर केंद्र सरकार कोई सकारात्मक कदम नही उठाती है तो देश का सम्पूर्ण व्यापारी समुदाय केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नई दिल्ली में आंदोलन करेगा। स्वामी तेजानंद महाराज ने मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम बिहारी मिश्रा को भरोसा दिलाया है कि दक्षिण के सर्राफा व्यापारी मंडल के हर प्रयास को सफल बनाने में पूरी तरह से भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के साथ है।देश के लाखों व्यापारियों के हितों की रक्षा करने के लिए दक्षिण भारत के सर्राफा व्यापारी अपना सब कुछ न्योछावर करने के लिए तैयार है। इस बैठक में स्वामी तेजानंद महाराज की अगुवाई में बेंगलुरू से आये सर्राफा व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने हिस्सा लिया और अपने शहर में व्यापारियों पर हो रहे गैर कानूनी पुलिस उत्पीड़ित को साक्ष्य सहित पेश किया।कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों ने बेंगलुरू पुलिस के अमानवीय व्यवहार पर हैरत करते हुए पीड़ित व्यापारी समुदाय के प्रति सहानभूति जताई है और उनके संघर्ष में साथ देने का भरोसा दिलाया है बेंगलुरु व्यापारी प्रतिनिधिमंडल में सर्व बाबूलाल सोलंकी, चेलाराम काग, बाबूलाल राठौड़, फाउलाल परिहार केशाराम राठौड़,जस्साराम परिहारिया, चिमनारामजी मुलेवा, लक्ष्मणराम आगलेचा, भोराराम पंवार, चुन्नीलाल भायल,भंवरलाल बर्फा, मोहनलाल राठौड़ और लाबुराम गहलोत विशेष तौर पर शामिल थे।

## गोरमी के पत्रकार भदोरिया बने प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ में प्रदेश उपाध्यक्ष

संतोष भदौरिया

पुष्पांजली टुडे न्यूज़ ग्वालियर

आज प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण सिंह की तरफ से सिल्वर ओके होटल सिटी सेंटर ग्वालियर में पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सभी मीडिया पत्रकार बंधु एकत्रित हुए और मुख्य अतिथि के रूप में संत कृपाल सिंह उपस्थित हुए प्रेस मीडिया कल्याण संघ का संतोष सिंह भदोरिया को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया जिसका नियुक्तीपत्र व सम्मान दिया गया । भदौरिया की अनुशंसा प्रॉपर न्यूज़ के संपादक अरविंद सिंह नरवरिया जी एवम वरिष्ठ पत्रकारों ने की जो कि प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह पवैया द्वारा संतोष सिंह भदोरिया को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

**जिसके लिए संतोष सिंह भदोरिया ने कहा**- कि प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संगठन श्री राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय रविंद्र सिंह पवैया एवं सभी वरिष्ठ पत्रकार पदाधिकारी यो का दिल से धन्यवाद दूंगा और मैं हमेशा पत्रकार कल्याण संघ में पूर्णता ईमानदारी के साथ संगठन को मजबूत करने में अहम योगदान देता रहूंगा।

## अटेर तहसील पंचायत जवासा वार्ड क्रमांक 18 19 20 में रखे जाने बाबत ग्रामीणों ने जिला निर्वाचन कार्यालय चंबल संभाग मुरैना और भिंड जिला कलेक्टर साहब को ज्ञापन दिया




पुष्पांजली टुडे न्यूज़ ग्वालियर

अरुण शुक्ला पुष्पांजलि टुडे क्राइम ब्यूरो चंबल

अटेर पंचायत जवासा वार्ड क्रमांक 18 19 20 के ग्रामीण लोगों ने भिंड कलेक्टर साहब को ज्ञापन दिया कि हमारी पोलिंग बूथ जवासा पंचायत में ही होनी चाहिए यदि ऐसा नहीं हुआ तो ग्रामीण जन मतदान नहीं करेंगे पोलिंग बूथ दूसरी जगह हो जाने के कारण जवासा के ग्रामीण जन बुजुर्ग माताएं बहने पैदल चलकर दूसरी जगह मतदान नहीं कर पायेगे जवासा पंचायत की पोलिंग बूथ क्रमांक 18 19 20 को स्थानांतरित कर शासकीय मिडिल स्कूल जवासा में ही रहे तभी ग्रामीण जन मतदान कर पाएंगे।

## मऊरानीपुर झांसी खण्ड विकास कार्यालय में विधायक ने किसान मेले का किया शुभारंभ, सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की किसानों को दी जानकारी

पुष्पांजली टुडे न्यूज़ ग्वालियर



जानकारी के अनुसार खण्ड विकास कार्यालय मऊरानीपुर के परिसर में किसान मेले का आयोजन किया गया। किसान मेले का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक बिहारीलाल आर्य ने किया। किसान मेले के दौरान उपस्थित किसानों को प्रमाण पत्र भी बांटे गए। इस दौरान किसानों के लिए संचालित कई प्रकार की योजनाओं की जानकारी मेले में उपस्थित किसानों को दी गई। कार्यक्रम में अशोक गिरी, प्रदीप पटेल, दीपक तिवारी, अजय श्रीवास, मुकेश पटेल, जयशंकर देवलिया, उप संभागीय अधिकारी कृषि श्रीमती डिंपल केन, वीडीओ मऊरानीपुर प्रतिभा शाल्य, राजाराम राजपूत, राघवेंद्र सिंह चौहान सहित कई किसान एवं भाजपा नेता मौजूद रहे।

## रेल्वे ट्रेक पर अकेली जा रही महिला को हजीरा थाना पुलिस ने परिवार जनों से संपर्क कर घर पहुँचा

पुष्पांजली टुडे न्यूज़ ग्वालियर

**ग्वालियर**। सूचना मिलने पर हजीरा थाना की महिला पुलिस



कर्मी मौके पर पहुँच कर रेल्वे ट्रेक से महिला को पकड़ा और थाना हजीरा ले आये चुकी महिला की स्तिथि ठीक नही लग रही थी और बह अपने बारे में ज्यादा कुछ नही बता पा रही थी। थाना प्रभारी आलोक परिहार आदेश पर महिला के बारे जानकारी करने के लिये फेसबुक, वाट्सअप पर महिला के परिवार को जुड़ने के लिए मुहिम चलाई द्वारा जांच पड़ताल करने के बाद महिला के परिवार को ढूंढ निकाला और महिला को सुपुर्द कर दिया आपको बता देंगे महिला ने अपना नाम के अलावा और कुछ नहीं बता पा रही थी महिला को देखर अंदाजा लगाया जा रहा था कि महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है जिस वजह से महिला अपने बारे में नहीं बता

### महिला रेल्वे ट्रेक पर जा रही थी अकेली

पा रही थी जब महिला के परिजनों से पुलिस कर्मियों का संपर्क हुआ तो उन्होंने महिला के बारे में बताया और उनको पुलिस थाने आने के लिए बोला । जिसके बाद परिजन थाना हजीरा पहुंचे और महिला को पहचान कर महिला के बारे में पूरी जानकारी करके परिवार में पती राजा परिहार निवासी चन्दन पूरा को सुपुर्द कर दिया । पति राजा परिहार ने बताया की महिला की मानसिक स्तिथि ठीक नही है और इनका इलाज कराया जा रहा है इससे पहले भी एक य दो पहले भी घर जा चुकी है जिसके बाद उन्हें घर पर लाया जा चुका है जिसके बाद थाना प्रभारी हजीरा आलोक परिहार ने परिवारजनों को हिदायत दी कि किसी प्रकार से कोई भी महिला को परेशान ना करें और उसका ख्याल रखें नहीं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी परिवार वालों ने बात मानते हुए महिला को घर ले गए और बोला की महिला को पहले भी परेशानी नहीं करते थे और आगे भी नहीं करेंगे।

## मऊरानीपुर झांसी ग्राम खि़लारा में व्याप्त समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानू ने मऊरानीपुर तहसील में तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

पुष्पांजली टुडे न्यूज ग्वालियर

जानकारी के अनुसार भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारियों ने मऊरानीपुर तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम खि़लारा में व्याप्त समस्याओं को लेकर माननीय मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश सरकार के



नाम संबंधित एक ज्ञापन मऊरानीपुर तहसील में तहसीलदार वंदना कुशवाह को सौंपकर मंडल अध्यक्ष प्रेम नारायण द्विवेदी ने बताया कि ग्राम खि़लारा में मुख्य रास्ता से होकर हरिजन बस्ती के आगे का रास्ता जो कि कागजों में दर्ज है। लेकिन सेक्टर का कहीं कोई अता पता नहीं है। झाड़ झक्कड़ और गंदगी के कारण लोगों का रास्ते से निकल पाना मुश्किल हो गया है। इसी रास्ते पर एक मंदिर है जिस पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं का आना-जाना बना रहता है। साथ ही उन्होंने बताया कि जल्द ही समस्याओं को हल नहीं किया गया तो समस्त ग्रामवासी झांसी खजुराहो राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैठने को मजबूर हो जाएंगे साथ ही धरना प्रदर्शन करेंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। ज्ञापन में नंदराम सिंह खंगार, रामपाल, राजाराम, हनीफ मलिक, सुरेश कुमार, जागेश्वर, राम दास अहिरवार, घना राम अहिरवार, मूलचंद, राजेंद्र, रामगोपाल, कालीचरण सहित कई लोगों के हस्ताक्षर हैं।

## ग्रामीणों ने जिला निर्वाचन कार्यालय चंबल संभाग मुरैना और भिंड जिला कलेक्टर साहब को ज्ञापन दिया

अरुण शुक्ला पुष्पांजलि टुडे क्राइम ब्यूरो चंबल डिवीजन

पुष्पांजली टुडे न्यूज़ ग्वालियर

अटेर पंचायत जवासा वार्ड क्रमांक 18 19 20 के ग्रामीण लोगों ने भिंड कलेक्टर साहब को ज्ञापन दिया कि हमारी पोलिंग बूथ जवासा पंचायत में ही होनी चाहिए यदि ऐसा नहीं हुआ तो ग्रामीण जन मतदान नहीं करेंगे पोलिंग बूथ दूसरी जगह हो जाने के कारण जवासा के ग्रामीण जन बुजुर्ग माताएं बहने पैदल चलकर दूसरी जगह मतदान नहीं कर पाएंगे जवासा पंचायत की पोलिंग बूथ क्रमांक 18 19 20 को स्थानांतरित कर शासकीय मिडिल स्कूल जवासा में ही रहे तभी ग्रामीण जन मतदान कर पाएंगे

## संजीवनी संस्थान एवं ग्रामीणों ने आक्रोश जताया,प्रशासन से की कार्यवाही की मांग

पुष्पांजली टुडे न्यूज़ ग्वालियर

जोधपुर। बिलाडा के भावी के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भोमियाजी केरा में 6 से 8 साल पूर्व लगाए गए पौधे जो अब पेड़ बन चुके थे इन पेड़ों को काटने का मामला सामने आया है ।पर्यावरण संजीवनी संस्थान के सदस्य रवि सारण एवं शिवराज मेगवाल ने बताया कि लाम्बा रोड पर स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भोमियाजी केरा में मंजू जो विद्यालय में अध्यापिका है उनके द्वारा ये पेड़ काटे गए। जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है मोके पर पर्यावरण संजीवनी संस्थान के अध्यक्ष गोविंद सीरवी मोके पर पहुचकर पूरी मामले की जानकारी ली अध्यक्ष ने कहा कि जिस विद्यालय के परिसर में जो पेड़ काटे गए वो कटे हुए पेड़ विधालय के परिसर में मिले साथ ही जहा



से पेड़ काटे उन जगह पर बजरी ओर रेत से उस जगह को ढक दिया गया जिससे किसी को पता न चल सके कि पेड़ो को यहा से काटा गया । मामले जब बढ़ने लगा तब भावी सरपंच सुराराम सीरवी उपसरपंच शायर राम सारण समाजसेवी किशनाराम मेगवाल सुखराम मैया अध्यापक सहीराम विश्नोई ,ओमप्रकाश भाटी भी मौके पर पहुचे ओर ग्रामीणों द्वारा प्रशासन से दर्जनभर पेड़ काटने के मामले को लेकर कार्यवाही करने की मांग की ।



## विश्व जल दिवस प्रोजेक्टर के रूप में विश्व जल शक्ति दिवस के तहत अभियान शुरू किया

पुष्पांजली टुडे न्यूज़ ग्वालियर

निकटवर्ती ग्राम पंचायत रुपावास के ग्राम पंचायत मुख्यालय पर विश्व जल शक्ति व श्रमदान अभियान शुरू किया गया। इसके साथ साथ आओ मिलकर पेड़ लगाने का दितीय के तहत ग्राम सभा का आयोजन में प्रतिभागियों ने विडीयों कॉन्फेसिग के माध्यम से संबोधित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश वाचन का जल संरक्षण के संबंध में चर्चा की गई। इसी के साथ विधि-विधान पूजा अर्चना कर पीपल वृक्ष के पेड़ लगाकर वृक्षा जल संरक्षण बचाने के संबंध में चर्चा का संकल्प लेकर सार्वजनिक जगह तालाब नदी में जल शक्ति श्रमदान कर बताया गया कि जल है तो कल है। खेत का पानी खेत में और गांव का पानी गांव में लेकर अभियान को शुरू किया। इसके साथ-साथ बूंद-बूंद जल को बचाना ही हमारी मुख्य प्राथमिकता रहेगी। इस मौके पर सरपंच सुरेश बंजारा. समाजसेवी हरि भाई पटेल . ग्राम विकास अधिकारी प्रकाश मीणा. भाजपा ओ बी सी महिला मोर्चा सदस्य राजू देवी आंजणा. पूर्व जिला परिषद सदस्य श्री देवी पटेल. उपसरपंच संजू सुथार. नरपत सिंह राजपुरोहित .ओम बंजारा. नारायण सुथार .चेनाराम. कैलाश. ढलाराम भाटी.जीतू पवार व वार्ड पंच सहित कई ग्रामवासी मौजूद रहे

## मऊरानीपुर झांसी नगर पालिका परिषद मऊरानीपुर के सभागार में अधिशासी अधिकारी की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम हुआ आयोजित

पुष्पांजली टुडे न्यूज़ ग्वालियर

जानकारी के अनुसार अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग, लखनऊ के शासनादेश में दिये गये निर्देशों के क्रम में प्रदेश सरकार के चार वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने के अवसर पर नगर पालिका परिषद मऊरानीपुर के सभागार में भी संतोष कुमार, अधिशासी अधिकारी की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामकिशोर साहू, बुन्देलखण्ड प्रान्तीय अध्यक्ष भा.ज.पा. एवं उपस्थित भा.ज.पा. नेताओं द्वारा प्रदेश की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, आसरा आवास योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य निधि योजना आदि पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में आसरा आवास के लाभार्थियों को कब्जा वितरण किया गया एवं नगर की महिला सफाई कर्मियों को श्री रामकिशोर साहू द्वारा पुष्प वितरण एवं चरण स्पर्श कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में संतोष कुमार अधिशासी अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में पार्षदगण श्री राजेश बिलाटिया, दिनेश राजपूत, हरचरन चौकरया, श्रीमती सरोज दुबे, मयंक शर्मा, दीपक कुशवाहा, हरीमोहन दुवे, वीरेन्द्र अग्रवाल, चिन्तामन श्रीवास, वरिष्ठ भा.ज.पा. नेता श्री महेन्द्र पाठक, मोहन पुरवार, आनन्द सिंह परिहार, कैलाश राजपूत, मनीष खेबरिया, आशु भारद्वाज, आशुतोष सूरौठिया, आकाश आर्य, कन्हैयालाल भास्कर, श्रीमती वन्दना मिश्रा, अनीता सेन, रेखा कुशवाहा व नगर पालिका परिषद, मऊरानीपुर के कर्मचारी, अधिकारीगण ओंकार सिंह. नंदकिशोर रावत, सुनील शर्मा, अभिलाष तिवारी, गौरीशंकर वर्मा, आनन्द विश्नोई आदि उपस्थित रहें।

पंचायत एवं मनरेगा

के समस्त अभिलेख के थोक एवं खेरिज विक्रेता



मनीष बंसल

मो.नं. 9755898938

पता-कल्पना नगर मुरार.

PTV NEWS INDIA

प्रतिभा हम निखारेंगे

PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे ।

तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थिति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार

आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं

हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।

PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल

Whatsapp :- 9425665944, 9691270207

gmail - pushpanjalitoday@gmail.com

नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम/ पता / अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रॉनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 निकट हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478